BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

SHRI. KRISHNA CHANDRA
SPORTS DIRECTOR
EMAIL:kcchaurasiya123@gmail.com
MOB. NO.: 9454308765

PROF. SANJAI MISRA
PRINCIPAL
EMAIL:bsnvpgc1954@gmail.com
MOB. NO.: 0522-2635513

DATE: 10/02/2025

बी.एस.एन.वी. पी. जी. कॉलेज लखनऊ में हुआ वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पी जी कॉलेज की 54 वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ 10 फरवरी 2025 को नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम चारबाग में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन पुरस्कार विजेता अंतर्राष्ट्रीय धावक श्री गुलाबचंद सम्मिलित हुए। प्रबंध समिति के अध्यक्ष माननीय श्री टी एन मिश्र जी, मुख्य अतिथि श्री गुलाबचंद जी, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा जी एवं खेल निदेशक श्री कृष्ण चंद्र जी की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच का संचालन कर रहे हैं प्रोफेसर एन के अवस्थी ने श्री गुलाबचंद जी का न केवल परिचय सबसे करवाया वरन उनकी उपलब्धियों पर विशेष प्रकाश भी डाला । एनसीसी, एनएसएस और महाविद्यालय के समस्त छात्रों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय के झंडे का आरोहण, शांति के प्रतीक कबूतरों को छोड़कर एवं गगनचुम्बी आकाश में ढेरों गुब्बारों को उड़ाकर इस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। श्री गुलाब चंद ने अपने जोशीले शब्दों से भाग ले रहे प्रतिभागियों में ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने खिलाड़ियों को फास्ट फूड से परहेज करने को कहा। वही प्रबंध समिति के अध्यक्ष माननीय श्री टी एन मिश्रा जी ने मुख्य अतिथि को अपने व्यस्त समय से कुछ समय निकाल कर इस एथलेटिक मीट में आने के लिए विशेष धन्यवाद दिया और साथ ही छात्रों को इंटर कॉलेज में बनाई गई क्रिकेट पिच और प्रोफेशनल स्टेडीज में बैडमिंटन कोर्ट का भी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्रा जी ने भी मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए छात्रों को आशीर्वाद भी दिया।

सबसे पहले छात्राओं की 200 मीटर की रेस शुरू की गई जिसमें 28 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रारम्भिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल मौर्या, द्वितीय स्थान शालिनी और तृतीय स्थान पर अंशिका सिंह रही। श्री गुलाब चंद ने इन बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस प्रतियोगिता के विजेता को अपना व्यक्तिगत मोबाइल नंबर भी दिया जिससे वो भविष्य में अपने सपनों की उड़ान भरने में पूरा सहयोग ले सके। इस 54 वीं वार्षिक एथलेटिक मीट में महाविद्यालय के समस्त अध्यापक, समस्त कर्मचारी और समस्त छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

B.S.N.V. P.G. College
Lucknow
10-11 FEBRUARY 2025
54
Annual Athletic Meet
2024-25

580
532
557
502

509
559

UP32ML9158

श्री कृष्णचंद्र
(**खेल निदेशक**)
शारीरिक शिक्षा विभाग
बी एस एन वी पीजी कॉलेज
चारबाग लखनऊ।